# C O N T E N T S

**Sixteenth Series, Vol. XXV, Eleventh Session, 2017/1939 (Saka)**
**No. 4, Thursday, July 20, 2017/Ashada 29, 1939(Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 61 and 62 | 8-24 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 63 to 80 | 25-94 |
| Unstarred Question Nos. 691 to 920 | 95-627 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 629-632

**STANDING COMMITTEE ON HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT**
291st to 293rd Reports 633

**MOTION RE: 44th REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE** 634

**MATTERS UNDER RULE 377** 635

(i) Regarding inclusion of aborigines of Santhal Pargana in the list of Scheduled Tribes

Shri Nishikant Dubey 636

(ii) Need to develop Sikarhana, Madhubani and Bhelwa villages under Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar as tourist places

Shrimati Rama Devi 637

(iii) Need to provide adequate wages to contract labourers engaged by BSNL in Lakhimpur Kheri district, Uttar Pradesh

Shri Ajay Misra Teni 638

(iv) Need to make motorable steep slope on National Highway No. 3 near Ganpati Ghat in Dhar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

Shrimati Savitri Thakur 639

(v) Need to embark on the proposed Yamunanagar - Chandigarh railway line project

Shri Rattan Lal Kataria 640

(vi) Need to review the system for fixation of price of agricultural produce and fix MSP for all agricultural produce

Dr. Virendra Kumar 641

(vii) Need to convert N.H. 84 from Buxar to Patna into four lane and to construct four-lane bridge on river Ganga including repair of N.H. 30 between Mohania and Arrah

Shri Ashwini Kumar Choubey 642

(viii) Need to extend the dam on river Kosi in all the areas located along the course of the river in Supaul and Madhubani districts, Bihar

Shrimati Ranjeet Ranjan 643

(ix) Need to withdraw increase in user development fee for outgoing passengers from Thiruvananthapuram airport, Kerala

Dr. Shashi Tharoor 644

(x) Need to withdraw the decision to discontinue serving of non-vegetarian food to economy class passengers in flights

Shri K.C. Venugopal 645

(xi) Need to review the decision to divest the Kamarajar Port Limited, Chennai, Tamil Nadu

Dr. P. Venugopal 646

(xii) Need to redress the grievances of contract employees of Neyveli Lignite Corporation India Limited, Tamil Nadu

Shri A. Arunmozhithevan 647

(xiii) Need to take steps for welfare of farmers in the country

Prof. Ravindra Vishwanath Gaikwad 648

(xiv) Need to withdraw the order imposing stricter conditions on insured persons to avail medical facilities extended by ESIC

Shri N. K. Premachandran 649

**ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 651

Member-wise Index to Unstarred Questions 652-657

**ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 658

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 659-660

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

## THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Pralhad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

## SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

**LOK SABHA DEBATES**

LOK SABHA

----------

Thursday, July 20, 2017/Ashadha 29, 1939 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

HON. SPEAKER: Question Hour, Question No.61, Dr. J. Jayavardhan.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी कुछ नहीं होगा।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: That is after the Question Hour. Please sit down. Please take your seats.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** सभी लोग बैठ जाएं।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: That is after the Question Hour. It is not like this.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: It is not now. It is after the Question Hour, please.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No, it is not now. There is nothing now, please.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी कोई बात नहीं होगी।

…(व्यवधान)

**11.02 hours**

(*At this stage, Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

**11.02 ½ hours**

## ORAL ANSWER TO QUESTION

HON. SPEAKER: Q. No. 61, Dr. J. Jayavardhan.

**(Q.61)**

HON. SPEAKER: Please go to your seats. No, it is not now. There is nothing now, please.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Yes, you put your supplementary.

DR. J. JAYAVARDHAN : Hon. Speaker Madam, the Ministry of Civil Aviation, in consultation with the Home Ministry, has done away with handbag tags in a few major airports by making changes in the security setup and also by infusion of new technology thereby a step forward has been taken to provide air passengers a hassle free journey.… (*Interruptions*) Now, I would like to ask the hon. Minister, through you, hon. Speaker Madam, as to when it will be implemented on a pan-India basis covering all categories of airports used by the passengers.… (*Interruptions*)

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: Removal of baggage tag has been well received. It requires a little work, and slowly and steadily more airports within the country will get covered. … (*Interruptions*) Ultimately, it is to be reached out everywhere.… (*Interruptions*)

DR. J. JAYAVARDHAN : Hon. Speaker Madam, my second question, though deviates from the primary question, remains to be an important question to be asked with the permission of you, Madam.… (*Interruptions*) Madam, Air India's total debt burden has crossed several thousand crores; and the Government of India has proposed for disinvestment and privatization of Air India. There is a report that a section of the staff members of Air India is protesting against the proposed privatization over fear of large scale job losses.… (*Interruptions*) What I would like to ask the hon. Minister is this. Instead of disinvestment and

privatization, has the Government of India and the Ministry thought of taking necessary steps in terms of administrative reforms and increasing the market share, rather than resorting to disinvestment and privatization? … (*Interruptions*)

I would also request the hon. Minister to throw some light on the frequent falling of glass panels at Chennai Airport. Thank you.

HON. SPEAKER: He has put so many questions. You can give answer to only one question.

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: On Air India, there is another Question which is coming up today. So I think when that Question comes up, we can come to Air India.… (*Interruptions*)

But regarding those glass panels at Chennai Airport, they did fall once upon a time. I understand that the incidents are becoming less.… (*Interruptions*) An Inquiry was done on the quality of glass and action was taken at that particular point of time.

**श्री धनंजय महाडीक:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स की सुरक्षा और सहूलियत के बारे में प्रश्न पूछना चाहता हूं। माननीय मंत्री जी ने बहुत विस्तार से जवाब दिया है कि पैसेंजर्स की सुरक्षा के लिए टेक्नीकल कमेटी होती है जो सुझावों को अपग्रेड करती रहती है। पैसेंजर्स को सबसे बड़ी असुविधा तब होती है जब एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के वक्त बैग से आई पैड और लैपटॉप निकालना पड़ता है। मेरा प्रश्न है कि क्या टेक्नोलाजी का ऐसा कोई प्रयोग नहीं हो सकता जिससे आईपैड और लैपटॉप बैग से निकालने की जरूरत ही न पड़े? ऐसा करने से समय की भी बचत होगी और सिक्योरिटी से भी कम्प्रोमाइज करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारा देश टेक्नोलाजी में आगे जा रहा है, इसलिए मेरा सुझाव है कि टेक्नोलाजी का ऐसा प्रयोग करें ताकि सुरक्षा को बिना कम्प्रोमाइज किए आईपैड और लैपटॉप सुरक्षा जांच से पास हो सके।

अध्यक्ष जी, सीनियर सिटीजन्स को बहुत असुविधा होती है,क्योंकि उनके क्यू में खड़ा रहना पड़ता है, विशेषकर पीक आवर में घंटों खड़ा रहना पड़ता है। मेरा प्रश्न है कि क्या सीनियर सिटिजन्स के लिए अगल से क्यू हो सकती है ताकि उन्हें सुविधा हो सके?

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: Constant improvement is a thing that happens in one’s lifespan. There are problems. Technology keeps changing. We keep adopting latest technologies available, not only with us but from everywhere

in the world. The idea is to give a passenger a seamless experience and thus reduce the hassles that the passengers encounter.

SHRI JAGDAMBIKA PAL : In the reply the Minister has stated that the Ministry has constituted three Committees, out of which a Committee is discussing with stakeholders the reasons also. I wanted to know regarding the flexi-fare. There is no control on private airlines. Suppose in the Lucknow-Delhi circle, if the only fare is Rs.5,000, sometimes, they take Rs.15,000 or Rs.16,000 or Rs.20,000. This holds good for the `economy' class also. Out of the three Committees, are you thinking of bringing about a rationale concerning increase of air fares by private airlines and improving the quality of service also?

Now, the Government of India has decided to make a priority Buddhist Circuit also. There are four or five important places in Uttar Pradesh like Sarnath, Kushinagar, Sravasti and Kapilavastu. Is your Ministry considering about connectivity of all these four places to provide the facility to the Buddhist pilgrims from Japan, China, Indonesia, Thailand and Singapore by Pawan Hans Helicopter Carrier?

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: These are commercial decisions taken by the airlines. As far as Government is concerned, we work with the State Governments to increase the connectivity. We want more areas to be connected because it promotes the economy. Like tourism, as the hon. Member has mentioned, we are with it and we are in touch with the State Governments. We take everybody on board. With regard to ticketing, we have done an analysis and we find that 98 per cent of the tickets are towards the lower end. So, floor rate, cap and simplistic solutions push up the cost for 98 per cent; it benefits less than two per cent. This is, I think, an incorrect thing. We have tried other strategies by which rates of tickets can be kept under control. But 1.7 per cent of the ticketing in a year is a matter of concern. … (*Interruptions*)

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): I am on my legs.… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: They just do not want to hear anything.

… (*Interruptions*)

**श्री अनन्तकुमार :** अध्यक्षा जी, मैं आपके द्वारा कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के बाकी सदस्यों से निवेदन करता हूँ कि वे चर्चा में भाग लें। मैं आपको धन्यवाद भी देना चाहूँगा क्योंकि कल रात 10.30 बजे तक किसानों और कृषि संकट के बारे में इस सदन ने चर्चा की थी और वह सार्थक चर्चा आपके नेतृत्व में हुई थी। …(व्यवधान) आप मेरी पूरी बात सुनें।…(व्यवधान)

सभाध्यक्षा जी, हमारे कांग्रेस और विपक्ष के सांसद कृषि संकट और किसान की अन्य समस्याओं के विषय को अब वैल में आकर उठा रहे हैं। इन विषयों के बारे में वे कल चर्चा कर सकते थे, लेकिन देर रात को जब यह चर्चा चल रही थी, तो उसमें विपक्ष के केवल दो ही मेम्बर्स थे। …(व्यवधान) किसानों के बारे में ये इनके घड़ियाली आँसू हैं और कुछ नहीं हैं…(व्यवधान) यदि इन्हें किसानों के बारे में कोई संवेदनशीलता या कंसर्न होता …(व्यवधान) जैसे हमारे सभी भारतीय जनता पार्टी, एन.डी.ए. और अन्य पार्टियों के सांसद रात 10.30 बजे तक बैठकर मोदी सरकार में …(व्यवधान) और किसानों के लिए जो योजनाएं चल रही हैं, उन्हें कैसे लागू करना और क्रियान्वित करना है, जिससे किसानों को लाभ मिल सके, इसके बारे में चर्चा कर रहे थे। वहाँ कांग्रेसी विपक्ष के केवल दो लोग ही थे, और वे भी वॉक-आउट कर गए थे। मैं उनसे निवेदन करता हूँ कि वे अपनी सीट पर जाएं और चर्चा में भाग लें। हर तरह की चर्चा करने के लिए, नियम के अनुसार, यह सरकार सदा-सर्वदा तैयार है। धन्यवाद।

HON. SPEAKER: Please go to your seats. This is not the way.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 1130 a.m.

**11.12 hours**

*The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past Eleven of the Clock.*

______________

**11.30 hours**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS ... Contd.

*The Lok Sabha reassembled at Thirty Minutes past Eleven of the Clock.*

(Hon. Speaker *in the Chair*)

(*At this stage, Shri M.B. Rajesh, Shri K.C. Venugopal, Shrimati V. Sathyabama and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 62, श्री अजय मिश्रा टेनी।

**(Q.62)**

**श्री अजय मिश्रा टेनी :** केन - बेतवा नदी को जोड़ने की योजना इस देश की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। हमारे कांग्रेस के साथी विरोधी दल के लोग किसानों की बात कर रहे हैं और ये किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण योजना है।...(व्यवधान) माननीय अध्यक्ष जी, यह योजना बुंदेलखण्ड के लिए, जो पूरे देश का सबसे गरीबतम क्षेत्र है जिसके लिए केन-बेतवा नदी को जोड़ने की योजना, उस क्षेत्र के विकास और वहां की गरीबी को दूर करने में बहुत ही सहायक हो सकती है।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सन् 2002 में जब माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार थी। उस समय इस योजना को प्रारंभ किया गया था,...(व्यवधान) लेकिन पिछले 10 साल में वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच में लोग कलावती के यहां पकौड़ियां तो खाते रहे, लेकिन इस योजना पर उन्होंने कोई काम नहीं किया। ...(व्यवधान) मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का और हमारी दीदी उमा भारती जी, जो हमारी माननीय मंत्री जी हैं, दोनों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। जिन्होंने इस बहुत बड़ी योजना में जिसमें 10 साल में कोई काम नहीं हुआ था।...(व्यवधान) आप इस उत्तर को देखेंगी तो आपको स्पष्ट हो जाएगा। केवल एक साल के अंदर जल संसाधन मंत्रालय से 8 जुलाई, 2016 को पर्यावरण मंत्रालय से 21 सितंबर, 2016 को...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रश्न पूछिए। प्रश्न काल में भाषण नहीं देते हैं।

...(व्यवधान)

**श्री अजय मिश्रा टेनी :** मैं प्रश्न पूछ रहा हूं। यह इससे संबंधित है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इससे 6 लाख हैक्टेयर से ज्यादा भूमि सिंचाईं होगी। इससे लाखों-करोड़ों लोग लाभान्वित होंगे।...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी से सीधे-सीधे यह प्रश्न पूछना चाहता हूं कि जब आपने बहुत ही परिश्रम करके और हमारे प्रधान मंत्री जी ने, यह हिंदुस्तान की एक ऐसी पहली अंतर्राष्ट्रीय योजना है,...(व्यवधान) जो नदियों से नदियों को जोड़ने का काम कर रही है। इसके लिए प्रधान मंत्री जी को मैं बधाई देता हूं। कोई दूसरा व्यक्ति

यह नहीं कर सकता था। मैं माननीय मंत्री जी से सीधे यह प्रश्न पूछना चाहता हूं कि जब सारी तैयारियां हो चुकी हैं और इतने लाख की यह योजना है, तो इस योजना को वह कब तक पूरा करेंगी, कितने दिनों में इस योजना को पूरा कर लिया जाएगा और कब तक यह लाभ देना प्रारंभ कर देगी? जिससे हमको सिंचित भूमि का पूरा लाभ मिले। मैं माननीय मंत्री जी से यही प्रश्न पूछना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

**11.33 Hours**

*(At this stage, Shrimati V. Sathyabama and some other hon. Members went back to their seats.)*

**डॉ. संजीव बालियान :** माननीय अध्यक्ष महोदया, यह बड़े खेद का विषय है कि विपक्षी सदस्य, जिस समय बुंदेलखण्ड के किसानों की बात चल रही है। जहां सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता है। जब उस प्रोजेक्ट की बात चल रही है, उस समय सदन में शोर है। कम से कम इस समय,...(व्यवधान) जब बुंदेलखण्ड के किसानों की बात हो, पानी की बात हो तो विपक्षी सदस्यों को इसमें सहयोग करना चाहिए। ...(व्यवधान) अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री मोदी जी की यह सबसे अनूठी पहल है, जहां इस देश में किसानों के लिए पानी की सबसे बड़ी आवश्यकता है। केन-बेतवा से वहां पानी पहुंचाया जाएगा। 9 हजार हैक्टेयर भूमि सब मर्ज होगी...(व्यवधान), लेकिन 6 लाख 35 हजार हैक्टेयर भूमि की सिंचाईं और आप कह सकते हैं कि करीब 14 लाख लोगों को पीने का पानी इस योजना के माध्यम से दिलाया जाएगा। यह 31 रिवर इंटरलिंकिंग प्रोजेक्ट में से पहला पोजेक्ट है। सुप्रीम कोर्ट का भी आदेश है कि सबसे पहले केन-बेतवा को इंटरलिंक किया जाए। सारी फॉर्मेलिटीज पूरी हो चुकी हैं। जो टास्कफोर्स 2004 में बनी थी, उसका भी यह आदेश था कि सबसे पहले केन-बेतवा को जोड़ा जाए। सब फॉर्मेलिटीज पूरी हैं। प्रधान मंत्री जी ने इस प्रोजेक्ट के लिए विशेष कृपा की है।...(व्यवधान) उन्होंने लगातार यह कहा है कि इस प्रोजेक्ट को जल्दी शुरू किया जाए। चूंकि बुंदेलखण्ड के सांसद व सब लोग समझ सकते हैं कि बुंदेलखण्ड को पानी की कितनी आवश्यकता है। सारी क्लीयरेंस हो चुकी है। ...(व्यवधान) नेशनल प्रोजेक्ट डिक्लेयर किया गया था। हमारा प्रयास है और नीति आयोग का भी समर्थन है कि इस प्रोजेक्ट को 90:10 में किया जाए, चूंकि नेशनल प्रोजेक्ट अब 60:40 के प्रपोर्शन में है, लेकिन हमारा सबका प्रयास है कि यह प्रोजेक्ट 90:10 में किया जाए। अभी-अभी मध्य प्रदेश सरकार का एक पत्र प्राप्त हुआ है।...(व्यवधान) वरना यह प्रोजेक्ट कंप्लीशन में था। कैबिनेट नोट सर्कुलेट हो चुका है। हमें उम्मीद थी, चूंकि बहुत जल्द हम इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर पाएंगे। ...(व्यवधान)

अभी मध्य प्रदेश सरकार का एक पत्र प्राप्त हुआ है कि केन बेतवा फेज़ 1 और फेज़ 2 को साथ किया जाए। वर्ष 2010 में सहमति बनी थी कि फेज़ 1 और फेज़ 2, चूंकि फेज 2 की अभी फॉर्मेलिटीज़ पूरी नहीं हुई हैं। फेज़ 2 की जब फॉर्मेलिटीज़ पूरी हो जाएगी तो उसे साथ-साथ शुरू किया जाएगा।

...(व्यवधान) अभी मध्य प्रदेश सरकार का जो पत्र प्राप्त हुआ है, उनका कहना है कि दोनों फेज को साथ किया जाए और उत्तर प्रदेश से पानी के बंटवारे पर दोबारा विचार किया जाए। चूंकि यह दोनों प्रदेश सरकारों का मामला है। सन् 2005 में दोनों मुख्य मंत्रियों के बीच में समझौता हुआ था। केन्द्र सरकार चाहती है कि दोनों प्रदेश सरकारें बहुत जल्दी समस्या का समाधान करें, जिससे जल्दी ही यह प्रोजैक्ट शुरू हो सके। मंत्रालय तुरंत प्रभाव से प्रोजैक्ट शुरू करना चाहता है। बस हमें मध्य प्रदेश सरकार का पत्र घर में मिल जाए कि हम उसी पर 2005 के एग्रीमैन्ट पर काम करें। हम काम करने के लिए तैयार हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप अपनी सीटों पर जाएं, यह प्रोपर नहीं है।

**श्री अजय मिश्रा टेनी :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि नदियों से नदियों को जोड़ने की जो अवधारणा है, यह मुख्यतः सूखा और बाढ़ से बचने के लिए है। हमारे यूपीए के साथी पिछले दस सालों से बहुत सारी ऐसी योजनाओं को रोके रहे। आज भी जिस तरीके का इनका आचरण है, बुंदेलखंड सहित इस देश के किसान आपको माफ नहीं करेंगे। ...(व्यवधान) मेरे प्रश्न का उत्तर आने दीजिए, मैं माननीय मंत्री जी से सीधे-सीधे यह जानना चाहता हूं कि जिस प्रकार बुंदेलखंड को सूखे से बचाने के लिए हमने केन-बेतवा नदियों को जोड़ने का काम प्रारम्भ किया है, पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी बहुत सारी ऐसी नदियां हैं। नेपाल से आने वाली नदियों के कारण भी बाढ़ और कटान होता है। क्या आने वाले समय में उन नदियों को भी जोड़ने का काम हमारी सरकार करेगी?

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री (सुश्री उमा भारती) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके माध्यम से माननीय विपक्ष से निवेदन है कि वह गरीबों और किसानों की बात करते हैं और हम जिस मसले पर उत्तर दे रहे हैं, वह गरीबों और किसानों से ही संबंधित है। इसलिए मैं उनसे अनुरोध करूंगी कि वे शांति से बैठ जाएं और देश के सामने जानकारियां पहुंचने दें। माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है कि उत्तर प्रदेश के जिस हिस्से से वह आते हैं, वहां बाढ़ और सूखा दोनों हैं तथा नदियों को जोड़ना ही बाढ़ और सूखे का एक निदान है। राज्यों की तरफ से जो प्रस्ताव आयेंगे, हम नये प्रस्तावों पर भी विचार करने के लिए तैयार हैं।

महोदया, दूसरी बात मैं कहना चाहती हूं कि मुझे माननीय प्रधान मंत्री जी का अभिनंदन करना है। महोबा की रैली में उन्होंने घोषणा की और चार महीने के अंदर इतनी तेजी से काम चला। मैं पर्यावरण मंत्रालय का आभार व्यक्त करती हूं, नीति आयोग का आभार व्यक्त करती हूं, पर्यावरणविदों का आभार व्यक्त करती हूं और फाइनेंस मिनिस्ट्री का भी आभार व्यक्त करती हूं कि आज केन-बेतवा जुड़ने की ओर है और मुझे यकीन है कि मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से बहुत जल्दी अचानक जो मसला उठा है, उस मसले का भी रास्ता निकल आयेगा। छः लाख हैक्टेअर जमीन इससे सिंचित होगी, 70 लाख लोग इससे

लाभान्वित होंगे। आजादी के बाद हमारे पास जो रिकार्ड है, उसमें 1972 में एक बार इस बारे में चर्चा हुई थी, फिर 1977 में चर्चा हुई थी, फिर माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में सुरेश प्रभु जी के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स बनी। उन्होंने सबसे पहली रिक्मैंडेशन केन-बेतवा नदी की दी। इसके बाद यूपीए की सरकार आई, उसने सारे कामों को ठंडे बस्ते में डाल दिया और सबसे दुखद बात यह थी कि इनके नेता, श्री राहुल गांधी बुंदेलखंड का दौरा करते रहे, वहां चाय-समोसा खाते-पीते रहे, लेकिन उन्होंने कभी भी केन-बेतवा की बात नहीं उठाई। माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी की यह पहली सरकार है, जिसने तीन सालों के अंदर केन-बेतवा को तैयार कर दिया है। इससे बुंदेलखंड की गरीबी दूर होगी, बुंदेलखंड की भुखमरी दूर होगी, बुंदेलखंड के लोगों की मजबूरी समाप्त होगी और बुंदेलखंड पानी से लबालब होगा।

मैं आपके माध्यम से कांग्रेस के लोगों से आग्रह करती हूं कि जो पाप आपने दस साल किया और केन-बेतवा का जिक्र तक नहीं किया, कम से कम उसका प्रायश्चित करो और शांति से बैठ जाओ, हमारी बात सुनो और हमारा समर्थन करो। धन्यवाद।

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार :** अध्यक्ष महोदया, केन-बेतवा नदी को जोड़ने की जो परियोजना है, यह केन्द्र सरकार की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। हर दो-तीन साल के रोटेशन के बाद बुंदेलखंड को सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ता है। इसी कारण से पूर्ववर्ती सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज की घोषणा तो की, लेकिन उस पैकेज से बुंदेलखंड का कोई विकास नहीं हुआ। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि केन और बेतवा दोनों नदियां मध्य प्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर निकलती हैं। इस योजना के क्रियान्वयन से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में सिंचाई की सुविधाओं का विस्तार होगा। जैसा कि माननीय मंत्री जी ने बताया कि फॉरेस्ट, हरित पैनल और आदिवासी मंत्रालय की स्वीकृतियां हो गई हैं और इसकी सारी अड़चनें समाप्त हो गई हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि इसमें टीकमगढ़ और छत्तीसगढ़ जिले के कितने गांव डूब से प्रभावित होंगे? ...(व्यवधान) टीकमगढ़ और छत्तीसगढ़ की कितनी हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी और इस योजना पर विद्युति सयंत्र लगाने की भी सरकार की कोई योजना है क्या? ...(व्यवधान)

**सुश्री उमा भारती :** अध्यक्ष महोदया, इसमें पॉवर प्रोजेक्ट है और लगभग 78 मेगावाट का एक पॉवर प्रोजेक्ट होगा। इसमें करीब सात हज़ार परिवार प्रभावित होंगे, लेकिन 70 लाख लाभान्वित होंगे। इससे जो लोग प्रभावित होंगे, वे खुशी से अपना स्थान छोड़ने के लिए तैयार हैं। छह लाख हैक्टेयर भूमि इससे सिंचित होगी। जिसमें से दो लाख हैक्टेयर उत्तर प्रदेश के बुंदेलखण्ड की होगी और चार लाख मध्य प्रदेश के बुंदेलखण्ड की होगी। मध्य प्रदेश के बुंदेलखण्ड के छत्तरपुर, टीकमगढ़ और पन्ना आदि जिलों को लाभ होगा

और उत्तर प्रदेश के महोबा, बांदा, ललितपुर, झांसी और हमीरपुर को लाभ होगा और कुल मिला कर छह लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। जिनका डिस्प्लेसमेंट होना है, वे करीब सात हज़ार लोग होंगे और जिनको लाभ होना है, वे सत्तर लाख लोग होंगे।

महोदया, मैं भी टीकमगढ़ जिले की रहने वाली हूँ। टीकमगढ़, छत्तरपुर और पन्ना आदि मध्य प्रदेश के वे जिले हैं, जो इससे प्रभावित होंगे। मैंने उत्तर प्रदेश के जिलों की संख्या गिना दी है। जो लोग इससे प्रभवित होने वाले हैं, वे करीब सात हज़ार परिवार हैं, वे लोग खुशी से अपनी जगह छोड़ने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वे लोग बहुत गरीबी और भुखमरी का सामना कर रहे हैं। सबसे ज्यादा दिल्ली में जो मज़दूर हैं, वे बुंदेलखण्ड के हैं। गंदे नालों के किनारे झुग्गी-झोंपड़ियां बना कर नर्क का जीवन जी रहे हैं। जैसे ही यह प्रोजेक्ट आएगा, उन सबको वापस लौटने का मौका मिलेगा। इसलिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो तेज़ी उसमें दिखाई है और जो बात सामने आई है, मुझे विश्वास है कि बहुत जल्दी उसका समाधान हो जाएगा और हम केन-बेतवा की लॉन्चिंग करेंगे। मैं माननीय सदस्य को आश्वस्त करती हूँ कि मध्य प्रदेश के हिस्से में जो पानी आएगा और उत्तर प्रदेश के हिस्से में जो पानी आएगा, वे अपने हिस्से के पानी का जैसा उपयोग करना चाहेंगे, उसमें उनको पूर्ण स्वतंत्रता रहेगी।

HON. SPEAKER: Hon. Members, you do not want to hear anything. You do not want to get the work done.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: This is not the way. I am allowing all types of discussions. Still you are not ready to hear anything. You do not want to do work at all.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 12.00 Noon.

**11.43 hours**

*The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.*

---

**12.00 hours**

*The Lok Sabha reassembled at Twelve of the Clock.*

(Hon. Speaker *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I have disallowed all the notices of Adjournment Motion. So, there is no Adjournment Motion.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Papers to be laid on the Table.

Shri Piyush Goyalji.

… (*Interruptions*)

**12.01 hours**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY AND MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI PIYUSH GOYAL): Madam, I beg to lay on the Table:-

(1) A copy of the Annual Budget (Hindi and English versions) of the Damodar Valley Corporation, Kolkata, for the year 2017-2018.

[Placed in Library, See No. LT 7075/16/17]

(2) A copy of the Notification No. G.S.R.411(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated 27th April, 2017, reserving the area of 1738.04 hectares through M/s NALCO, a Public Sector undertaking own and controlled by the Central Government, for prospecting or mining operations in respect of bauxite deposits in the Taluk of Pottangi of Koraput District in the State of Odisha for a further period of five years *w.e.f.* 27.04.2017 under sub-section (1) of Section 28 of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957.

[Placed in Library, See No. LT 7076/16/17]

(3) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under Section 179 of the Electricity Act, 2003:-

(i) The Central Electricity Regulatory Commission (Indian Electricity Grid Code) (Fifth Amendment) Regulations, 2017 published in Notification No. L-1/18/2010-CERC in Gazette of India dated 19th April, 2017.

(ii) Notification No. L-1/18/2010-CERC published in Gazette of India dated 16th May, 2017 notifying for the information of all concerned

that Regulation 6.3B of the Central Electricity Regulatory Commission (Indian Electricity Grid Code) (Fourth Amendment) Regulations, 2016 and the detailed operating procedure on reserve shutdown and mechanism for Compensation shall come into force with effect from 15.5.2017.

(iii) The Central Electricity Regulatory Commission (Terms and Conditions for Tariff determination from Renewable Energy Sources) Regulations, 2017 published in Notification No. 1/21/2017-Reg.Aff./(RE-Tariff-2017-20)/CERC in Gazette of India dated 19th April, 2017.

(iv) The Central Electricity Regulatory Commission (Payment of Fees) (First Amendment) Regulations, 2017 published in Notification No. L-1/01/2017-CERC in Gazette of India dated 22nd June, 2017.

[Placed in Library, See No. LT 7077/16/17]

… (*Interruptions*)

**12.01 ½ hours**

(*At this stage, Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SHIPPING (SHRI PON RADHAKRISHNAN): Madam, I beg to lay on the Table a copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub-section (4) of Section 124 of the Major Port Trusts Act, 1963:-

(1) G.S.R.544(E) published in Gazette of India dated 2nd June, 2017, approving the Mormugao Port Employees (Contributory Medical Benefit after Retirement) Amendment Regulations, 2017.

(2) G.S.R.545(E) published in Gazette of India dated 2nd June, 2017, approving the Kandla Port Trust Employees (Recruitment, Seniority and Promotion) Amendment Regulations, 2017.

(3) G.S.R.506(E) published in Gazette of India dated 24th May, 2017, approving the Kolkata Port Trust Employees' (Recruitment, Seniority and Promotion) Amendment Regulations, 2017.

(4) G.S.R.568(E) published in Gazette of India dated 9th June, 2017, approving the Mormugao Port Employees (Pension and Gratuity) Amendment Regulations, 2017.

(5) G.S.R.304(E) published in Gazette of India dated 30th March, 2017, approving the New Mangalore Port Trust Employees (Recruitment, Seniority and Promotion) Amendment Regulations, 2017.

(6) G.S.R.305(E) published in Gazette of India dated 30th March, 2017, approving the Chennai Port Trust Employees (Recruitment, Seniority and Promotion) Amendment Regulations, 2017.

(7) G.S.R.306(E) published in Gazette of India dated 30th March, 2017, approving the Cochin Port Trust Employees (Recruitment, Seniority and Promotion) Amendment Regulations, 2017.

[Placed in Library, See No. LT 7078/16/17]

… (*Interruptions*)

**वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय टम्टा) :** महोदया, मैं नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन लिमिटेड और वस्त्र मंत्रालय के बीच वर्ष 2017-18 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

[Placed in Library, See No. LT 7079/16/17]

… (*Interruptions*)

_____________

**12.01 ¾ hours**

## STANDING COMMITTEE ON HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
## 291st to 293rd Reports

SHRIMATI SANTOSH AHLAWAT (JHUNJHUNU): Madam, I beg to lay on the Table the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Human Resource Development:-

(1) 291st Report on the Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Two Hundred Seventieth Report on the 'Performance of National Sports Development Fund and Recruitment and Promotion of Sportspersons (Part-I)'.

(2) 292nd Report on the Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Two Hundred Seventy First Report on the 'Performance of National Sports Development Fund and Recruitment and Promotion of Sportspersons (Part-II)'.

(3) 293rd Report on the Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations contained in the Two Hundred Eighty First Report on the 'Performance of National Sports Development Fund and Recruitment and Promotion of Sportspersons (Part-III)'.

… (*Interruptions*)

---

**<u>12.02 hours</u>**

## MOTION RE: 44th REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस.अहलुवालिया):** महोदया, मैं निम्नलिखित प्रस्ताव पेश करता हूँ :-

> "कि यह सभा 19 जुलाई, 2017 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 44वें प्रतिवेदन से सहमत है।"

HON. SPEAKER: The question is:

> "That this House do agree with the Forty-fourth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 19th July, 2017."

*The motion was adopted.*

---

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Yesterday only, we have discussed agrarian crisis. There should not happen something like this. I am sorry.

… (*Interruptions*)

**12.02 ½ hours**

## MATTERS UNDER RULE 377*

HON. SPEAKER: Hon. Members, the matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today and are desirous of laying them may personally hand over the text of the matter at the Table of the House within 20 minutes.

Only those matters shall be treated as laid for which text of the matter has been received at the Table within the stipulated time. The rest will be treated as lapsed.

* Treated as laid on the Table

**(i) Regarding Inclusion of aborigines of Santhal Pargana in the list of Scheduled Tribes**

**SHRI NISHIKANT DUBEY (GODDA):** I refer to the matter raised under Rule 377 regarding inclusion of Khetauri, Ghatwal-Ghatwar and others as Scheduled Tribes in Parliament and received a reply from Hon'ble Minister of Tribal Affairs. But, no development has taken place in this regard so far.

Therefore, I want to place a piece of great historical record - a book titled: "The Little world of an Indian District Officer", written by R.Carstairs and published by Macmillan & Co., London in 1912. In this book there is a detailed, historical record of the fact that the Santhal Pargana was created and named in 1855, and thus was the youngest of the Bengal districts. The writer provides a wonderful account and description of the Ghatwals (guardians of the passes) and the Khetowrie (Khetauri) and how at the time of the Permanent settlement in 1790, every part of the territory was occupied. It is stated that at the time of the Permanent Settlement that there was NOT a single Sonthal in the whole of this area. "Bhunyas, Khetowries, Hindoos, Mahomedans, Highlanders - yes, but Sonthals, no".

It is a fact that when these findings were recorded and when the book in question was published, the dispensation of Scheduled Castes and Tribes did not exist in the context of what it means administratively today.

Thus, the aborigines of the region are the ones who have been deprived of their rightful status and claim to be recognized as Scheduled Tribes.

## (ii) Need to develop Sikarhana, Madhubani and Bhelwa villages under Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar as tourist places

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर) :** मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर का सिकरहना आज़ादी की लड़ाई में शिरकत देने वाला ऐसा क्षेत्र है जहां पर महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजों द्वारा किसानों पर किये जाने वाले अत्याचार के विरूद्ध बिगुल बजाया था, परन्तु इतिहास में कई कारणों से आजादी की लड़ाई में सिकरहना का नाम नहीं है। अंग्रेजों के विरूद्ध सिकरहना के बडहरवा लखनसेन ग्राम में 13 नवंबर 1917 में ग्रामीणों में चेतना एवं निर्भीकता पैदा करने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पहली पाठशाला एवं सह आश्रम स्थापित किया। इसी तरह, चिरैया प्रखंड अंतर्गत मधुबनी ग्राम में 17 नवंबर 1918 को इस मधुबनी ग्राम में महात्मा गांधी जी ने नीरपुर निलहा कोठी के अंग्रेजों द्वारा किसानों पर किये गये अत्याचार की जांच खुद की थी। उक्त ग्रामों को पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रस्ताव पेश कर दिया गया। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के घोडासहन प्रखंड के बगही भेलवा पंचायत के भेलवा ग्राम में महात्मा गांधी आये थे और यहां पर जो निलहा कोठी तथा अंग्रेजों द्वारा नील उत्पादन हेतु प्रोसेसिंग का कार्य किया जाता था, जिसके अवशेष भी है। बड़े खेद के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि घोडासहन प्रखंड के भेलवा ग्राम को पर्यटन स्थल में शामिल नहीं किया जा रहा है एवं आजादी की लड़ाई में यहां के पूरे इतिहास को नहीं दर्शाया जा रहा है।

मैं पर्यटन मंत्रालय से अनुरोध करती हूँ कि शिवहर जिले के घोडासहन प्रखंड के भेलवा ग्राम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाये। अंग्रेजों द्वारा नील उत्पादन हेतु प्रोसेसिंग कार्य में अंग्रेजों द्वारा जो अत्याचार किये गये हैं उनके अवशेष आज भी विद्यमान है अगर इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाता है तो यह आजादी की लड़ाई लड़ने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## (iii) Need to provide adequate wages to contract labourers engaged by BSNL in Lakhimpur Kheri district, Uttar Pradesh

**श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) :** दूरसंचार बी.एस.एन.एल. विभाग, जिला लखीमपुर खीरी में लंबे समय से मजदूरों से बी.एस.एन.एल. के कार्य जैसे कम्प्यूटर चलाना, केबल जोड़ना, गड्ढा खोदना, ऑफिस की साफ-सफाई करना, एक्सचेंजों की सुरक्षा करना, जनरेटर चलाना, मोबाईल टावर चलाना आदि कार्य 24 घंटे विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा कराया जाता है। इन कार्यों के बदले 1200 से 1600 रूपये प्रति माह देकर अधिकारियों द्वारा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। यह भुगतान वर्षों तक बकाया रहता है, जबकि श्रम नियम कानूनों के अनुसार बी.एस.एन.एल. विभाग मुख्य नियोक्ता होने के कारण सी.एम.डी., नई दिल्ली एवं मुख्य महाप्रबंधक, लखनऊ द्वारा पारित न्यूनतम वेतन ई.पी.एफ./ई.एस.आई. सामाजिक सुरक्षा आदि के प्रेषित पत्रों की अवहेलना दूरसंचार जिला लखीमपुर खीरी करते हुए ठेका मजदूरों का शोषण एवं उत्पीड़न करते चले आ रहे हैं। जो मजदूर न्यूनतम मजदूरी की मांग करते हैं, उन्हें कार्य से बाहर निकाल दिया जाता है, जिसके कारण लखीमपुर जनपद के ठेके पर काम कर रहे मजदूरों का शोषण बड़े पैमाने पर हो रहा है। दूसरा कोई विकल्प न होने के कारण ये मजदूर बहुत परेशान हैं। यह संविधान में प्रदत्त अधिकारों के उल्लंघन के साथ-साथ नैतिक, सामाजिक व कानूनी रूप से भी गलत है। यह दुर्भाग्यपूर्ण व निन्दनीय है।

मैं सरकार व संचार मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि बी.एस.एन.एल., लखीमपुर खीरी में कार्यरत ठेका मजदूरों का संज्ञान लेकर उनकी उपस्थिति पंजिका, परिचय-पत्र, स्वास्थ्य सुरक्षा देने के साथ-साथ न्यूनतम वेतन निर्धारित करने का कष्ट करें।

## (iv) Need to make motorable steep slop on National Highway No. 3 near Ganapati Ghat in Dhar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

**श्रीमती सावित्री ठाकुर (धार)** : मेरे संसदीय क्षेत्र धार (मध्य प्रदेश) में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 03 आगरा से मुम्बई पर स्थित विन्ध्यांचल पर्वत से होकर जाने वाले गणपति घाट में अति तीव्र ढलान होने के कारण आये दिन दुर्घटनाओं में लोगों की जान और माल का नुकसान होता है। मेरा अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 आगरा से मुम्बई के गणपति घाट पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक टेक्निकल टीम गठित की जाए। इसके अलावा, लाइट मोटर वेहिकल्स (एल.एम.वी.) हेतु अलग से एक बाईपास रोड बनवाई जाए। जब तक ये व्यवस्था पूरी नहीं होती तब तक स्पीड नियंत्रण में रखने वाले उपकरणों अथवा दूसरी जरूरी व्यवस्था की जाए।

## (v) Need to embark on the proposed Yamunanagar-Chandigarh railway line project

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** मैं मान्यवर रेलवे मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र अम्बाला (हरियाणा) में यमुनानगर से चंडीगढ़ रेलवे लाईन की ओर दिलाना चाहता हूँ। यह प्रोजेक्ट मूल से आर्थिक व सामाजिक आधार पर स्वीकृत है। पिछले वर्ष के बजट के मूल प्रोजेक्ट के लिए 25 करोड़ रूपये का आवंटन भी किया गया है। 50 प्रतिशत-50 प्रतिशत सहभागिता के आधार पर केन्द्र व हरियाणा राज्य सरकार के बीच में सहमति भी बन गई है। परन्तु प्रोजेक्ट के लिए जमीन की कीमत को लेकर राज्य व केन्द्र में गतिरोध है, इसलिए कार्य रूका हुआ है। मैं अनुरोध करता हूँ कि जिस प्रकार से प्रोजेक्ट की बाकी लागत पर 50 प्रतिशत-50 प्रतिशत पर सहमति बन चुकी है। इसी आधार पर केन्द्र राज्य सरकार के साथ मिलकर कोई रास्ता निकाले, जिससे इस प्रोजेक्ट पर कार्य शुरु हो सके।

## (vi) Need to review the system for fixation of price of agricultural produce and fix MSP for all agricultural produce

**डॉ॰ वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) :** देश के विभिन्न भागों में किसानों द्वारा आत्महत्या का मुद्दा हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न पैकेजों की घोषणा किए जाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं होने से इस समस्या ने भयावह रूप धारण कर लिया है। कृषि उत्पादों के लिए गारंटीशुदा मूल्य दिया जाना किसानों की समस्याओं के निराकरण का एक समाधान है। किसान अपने कठिन श्रम के बावजूद कुछ भी हासिल न कर पाने के सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाते और कर्ज के बोझ से उत्पन्न अवसाद के कारण आत्महत्या की ओर प्रवृत्त होते हैं। मेरा सरकार से आग्रह है कि वह कृषि उत्पादों की मूल्य निर्धारण प्रणाली पर गंभीरता से पुनर्विचार करे तथा सभी कृषि उत्पादों के लिए सांविधिक न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने का प्रयास करे।

## (vii) Need to convert N.H. 84 from Buxar to Patna into four lane and to construct four-lane bridge on river Ganga including repair of N.H. 30 between Mohania and Arrah

**श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) :** हमारे संसदीय क्षेत्र बक्सर से पटना एन.एच.-84 के चार लेन निर्माण हेतु केन्द्र सरकार की स्वीकृति मिलने के उपरांत दो वर्ष पूर्व माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शिलान्यास सम्पन्न हुआ था। बक्सर-भोजपुर एन.एच.-84 (48 कि.मी., जो 595 करोड़ रू. की लागत से निर्माण कार्य होना था) जिसका निर्माण कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हुआ है। इसका मुख्य कारण किसानों को समुचित मुआवजा राशि के भुगतान में राज्य सरकार के जिला प्रशासन का भेदभाव रवैया है। अन्य माँगों को लेकर किसान संघर्ष समिति द्वारा आंदोलनात्मक कार्यक्रम जारी है।

एन.एच.-84 पर गंगा नदी पर वर्तमान वीर कुंवर सिंह सेतु के समानान्तर नया दो लेन सेतु का निर्माण कार्य होना था। जो अभी तक शुरु नहीं हुआ है। पुराने सेतु की स्थिति काफी जर्जर होने से भारी वाहनों एवं छोटे वाणिज्यिक वाहनों के आवागमन में जिला प्रशासन द्वारा रोक लगी हुई है। इन सभी परिस्थितियों के कारण इस व्यापार से जुड़े लोग बेरोजगार हो गए हैं। इसके कारण जिले के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। पुराने पुल का नक्शा राज्य सरकार के पास नहीं है, जिससे पुराने सेतु का आधुनिक तकनीक से मरम्मत करना कठिन हो गया है। अतएव उसके समानान्तर चार लेन के नये सेतु और पुराने सेतु का निर्माण करना जनहित में उपयोगी होगा।

मोहनिया से आरा एन.एच.-30 की हालत वर्षों से बहुत जर्जर है। स्थिति यह है कि सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिसके कारण वाहन दुर्घटना की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। दुर्घटनाओं में लोगों को जान भी गंवानी पड़ी है। राज्य सरकार और ठेकेदार के बीच विवाद का मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण स्थिति संकटमय हो गई है तथा जन आंदोलन हो रहे हैं, जिससे केंद्र सरकार की छवि पर भी गलत असर पड़ रहा है।

अतः उपर्युक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अविलम्ब जनहित में आवश्यक कार्यवाही करे।

## (viii) Need to extend the dam on river Kosi in all the areas located along the course of the river in Supaul and Madhubani districts, Bihar

**श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) :** कोसी नदी नेपाल के बराह क्षेत्र से शुरु होकर भीमनगर कोसी बैराज के पास से भारत की सीमा में प्रवेश करते हुए सुपौल, मधुबनी, सहरसा, दरभंगा, खगड़िया, मधेपुरा होते हुए कटिहार जिला के कुरसैला के पास गंगा नदी में मिलती है। उक्त नदी पर एक सुरक्षा बाँध सुपौल जिला के सिकरहट्टा-मझारी से मधुबनी जिला सीमा तक बना हुआ है एवं इस सुरक्षा बाँध पर पक्कीकरण भी कर दिया गया है जिससे उक्त क्षेत्र में बाढ़ से बचने के साथ-साथ आवागमन भी होता है। यदि इस बाँध को मधुबनी सीमा के गढ़गाँव, बसीपट्टी, महेसा, सोनबरसा होते हुए सुपौल जिला के गोनवा, सिमराहा, सहरसा जिला के देवका, झरवा, परताहा बड़हारा, डरहार, नौला, लालपुर, सतौर, कुन्दह, बलिया, सीमर होते हुए प्राणपुर के पास राज्य उच्च पथ में मिला दिया जाता है, तब इसके बीच में अवस्थित लोगों के जान-माल, बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ आमजनों को आवागमन की भी सुविधा मिल जाएगी। साथ ही, प्रति वर्ष हजारों एकड़ जमीन में लगी फसलों को भी सुरक्षा मिलेगी, जिससे यहाँ के किसान खुशहाल होंगे।

अतः सरकार से माँग है कि इस अति महत्वपूर्ण सुरक्षा बाँध का विस्तार मधुबनी जिला सीमा के गढ़गाँव से लेकर सहरसा जिला के महिषी प्रखंड के प्राणपुर के पास राज्य उच्च पथ तक करवाकर बाँध का पक्कीकरण करवाया जाए ताकि बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ आवागमन में भी सुविधा मिलेगी।

**(ix) Need to withdraw increase in user development fee for outgoing passengers from Thiruvananthapuram airport, Kerala**

**DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM):** The sudden and unilateral decision by the Airports Authority of India (AAI) to increase the 'User Development Fee' for outgoing passengers from Thiruvananthapuram airport is matter of serious concern which needs to be reconsidered urgently as it poses a great risk to the airport's growth and function.

Most of the passengers who use Thiruvananthapuram airport are low wage earners who work in the Gulf to provide vital income back home. In addition to this, it is a fact that neither of the two other major international airports in Kerala, namely Kochi Nedumbassery and Kozhikode Airports, charge such a fee. The proposed increase from rupees 575 to rupees 950 would mean that a family of three or more would find more economical to drive to Kochi airport and fly from there than fly from the airport that was built for them at great expense to the tax payer. This is needlessly counter-productive if the objective of the exercise is to facilitate the development of Thiruvananthapuram Airport.

Thiruvananthapuram airport has been functioning profitably for over 27 years, during this time the AAI has been very slow, if not complacent, in developing the airport. It is only in recent times that basic provisions have been provided with minimal upgrades that stand far below the comparative upgrades provided to the other airports in the region.

Most importantly, the international airport in Thiruvananthapuram is a major employer in the local economy from casual workers to full time staff with hundreds of families dependent on the airport's smooth functioning. I, therefore, raise this issue as a matter of the utmost urgency seeking the immediate reconsideration of the proposed increase of the User Development Fee.

## (x)Need to withdraw the decision to discontinue serving of non-vegetarian food to economy class passengers in flights

**SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA):** In a very controversial step Air India has stopped providing non-vegetarian food for economy class passengers. With an immediate effect, the national carrier has stopped serving non-vegetarian food in the economy class for all flights in the domestic sector. It has been argued that the move is seen as one of the many cost-cutting measures adopted by the company facing a debt of around Rs. 55000 crore. The move is coming when most low-cost carrier planes are giving the passengers the option of vegetarian and non-vegetarian food. This is highly condemnable. Moreover, with this move one can suspect this as a part of government policy on curbing the choice of one's food. Hence, it is requested to withdraw the decision with immediate effect.

## (xi) Need to review the decision to divest the Kamarajar Port Limited, Chennai, Tamil Nadu

**DR. P. VENUGOPAL (TIRUVALLUR):** We are shocked to hear that the Government of India has decided to divest the Kamarajar Port Limited (KPL), a Rs.20 crore worth profit making port in Chennai in my Tiruvallur Parliamentary Constituency.

KPL is the lifeline of Tamil Nadu and the first and unique Government-owned Corporate Port developed by the Chennai Port as a satellite Port. KPL is functioning without grant-in-aid from the Government of India. KPL has the capacity to handle 44 MTPA. The Indian Oil Corporation Ltd. is developing a captive LNG Terminal in KPL to handle 5 MTPA with a re-gasification facility.

KPL is the highest dividend payer. If such a well-established profit-making Port is privatized, it will affect the growth of the State. It will help the private players to have stronghold in the shipping industry. First of all, such a move will affect the livelihood of tens of thousands of direct and indirect employees of this port.

So, it is pertinent that this profit making KPL is allowed to remain in the hands of the Government. In view of this, I request the Hon'ble Minister of Shipping to re-visit his decision to divest the Kamarajar Port Limited, Chennai, Tamil Nadu.

## (xii) Need to redress the grievances of contract employees of Neyveli Lignite Corporation India Limited, Tamil Nadu

**SHRI A. ARUNMOZHITHEVAN (CUDDALORE):** Neyveli Lignite Corporation (NLC India Ltd) employs about 20,000 workers including 10,000 contract workers on a daily wage basis in the Mines. Most of them are working in NLC for the last 20 years with a hope that their employment will be regularized and they will be absorbed as permanent employees. During a prolonged agitation in 2014, an agreement was reached between the Contract Labour Union and the NLC Management to regularize them in a phased manner and also for extending the medical facilities to them. But till now, only 200 workers got regularized.

Meanwhile the NLC Management suddenly had reduced the shift of duty from 26 to 19 shifts in Mine 1A since 13th July 2017. This is completely against the interest of the lowly paid and long serving Contract Labourers. An agitation is going on to revert back to the original number of shifts that existed prior to 13-07-2017. The contract labourers are suffering a lot and thousands were arrested. As a result of this a serious law and order problem has arisen.

As a Member of Parliament of the concerned Parliamentary Constituency, I urge the Union Government to intervene immediately into this serious issue for starting reconciliation talks and persuade the Management to immediately enter into a negotiation with the agitating Contract Labour Unions to arrive at an amicable and acceptable solution for this long standing vexed issue.

## (xiii) Need to take steps for welfare of farmers in the country

**प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़ (उस्मानाबाद) :** आज देश में कई हिस्सों में विशेषकर मराठवाड़ा (महाराष्ट्र) में बरसात की कमी के कारण किसानों की हालत दयनीय हो रही है। इस पर सरकार को किसानों के उत्थान के लिए सजग होकर कार्य करना चाहिए और कतिपय कदम उठाना चाहिए। मुख्यतः सभी किसानों का कर्ज़ माफ हो; किसानों को उपज का सही उचित मूल्य मिले और अपनी उपजों का मूल्य स्वयं किसान ही तय करे; खेती हेतु उपयोग में लाई जा रही बिजली मुफ्त उपलब्ध कराई जाए और किसानों के परिवारों, खेतिहर मजदूरों, महिलाओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए मुफ्त चिकित्सा व दवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## (xiv) Need to withdraw the order imposing stricter conditions on insured persons to avail medical facilities extended by ESIC

**SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** The implementation of stringent conditions by ESIC has resulted in denial of super specialty treatment for insured persons and their family. The conditions imposed such as two years with 156 attendance out of which two contribution periods with not less than 78 attendance, continuous remittance of four contribution periods are against the interest of insured persons. The conditions are imposed vide order No. V-14/11/5/20l2/Med 1 (policy) dated 7/11/2016. The cashew industry is facing crisis due to non-availability of raw materials and the cashew workers lost their employment due to the reason beyond their control. By implementing this new condition, employees including cashew workers lost their benefit for super specialty treatment. The present order is against the interest of insured persons.

Hence, I urge upon the Government to withdraw the order no. V-14/11/5/2012/Med1(policy) dated 7/11/2016, stop the implementation of letter no. V-14/11/5/2012/Med 1 dated 09/03/2017 and restore the earlier benefits and ensure SST.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again on Friday, the 21st July, 2017 at 11.00 a.m.

**12.03 hours**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, July 21, 2017/Ashadha 30, 1939 (Saka).*